वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 163 सोमवार 7 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

विभागीय प्री समिट के आयोजन की समीक्षा बैठक

# विभागीय प्री समिट आयोजन से राइजिंग राजस्थान के आयोजन को मिलेगी मजबूती

## निवेश अनुकूल हो विभागों की नवीन नीतियों का निर्माण: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर. कासं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से राजस्थान का विकास तीव्र गति से होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रथम वर्ष में ही इस समिट के आयोजन से प्रदेश में औद्योगिक विकास का विस्तार होगा और युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने निवेश से संबंधित एमओयू को समय से धरातल पर उतारने के निर्देश देते हुए कहा कि छोटे निवेशों को भी तरजीह दी जाए। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर राइजिंग राजस्थान समिट के तहत विभागीय स्तर पर होने वाली प्री समिट आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पॉलिसी निर्माण का कार्य संबंधित विभाग गहन विश्लेषण कर पूरा करें, जिससे पॉलिसी सरल, स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण बने एवं इससे निवेशकों को निवेश करने में आसानी हो। समिट की तैयारियों के क्रम में ब्रोशर, प्रजेंटेशन, ऑडियो-वीडियो फिल्में, स्पीच, टॉकिंग पॉइंट, विभागीय नीतियों का सारांश तैयार करने जैसे काम विभाग समय रहते पूरा कर लें।



### प्री समिट के आयोजन से पूर्व विभागों की तैयारियां रहे पूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय समिट का स्थान, ब्रांडिंग, डेलीगेट एवं वक्ताओं का चयन तथा प्रोग्राम का शेड्यूल निर्धारित कर प्री समिट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग प्री समिट में प्रमुख कॉर्पोरेट्स, व्यापार संघों, सीईओ, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय पीआरओ मीडिया मैनेजमेंट, मीडिया कवरेज, प्रेस रिलीज, मीडिया इंटरेक्शन, सोशल मीडिया पोस्ट, पोस्ट इवेंट कवरेज आदि के लिए डीआईपीआर के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। प्री समिट आयोजन के पश्चात मुख्य गतिविधियों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय एवं उद्योग विभाग में प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं पशुपालन व सहकारिता के क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष बल दिया। उन्होंने प्रदेश में वेयरहाउसिंग को अधिक मजबूत बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में नवीन किस्म के फर्टिलाइजर्स, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, फूड पार्क, एग्रो प्रोसेसिंग तथा कृषि विपणन में निवेश के माध्यम से रोजगार के नवीन अवसर सृजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में निवेश से खेती-किसानी को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की उपलब्धता के क्षेत्र में देश के प्रमुख राज्यों में से एक है। प्रदेश में उपलब्ध खनिजों की जिलेवार सूची बनाई जाए और विभागीय वेबसाइट के माध्यम से एवं बुकलेट के जरिए इनका विपणन कार्य किया जाए। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसके लिए नवीन स्किल नीति के माध्यम से युवाओं को इंटर्नशिप कार्यक्रम से जोड़ने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मा से संबंधित कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने ऊर्जा में मैन्युफैक्चरिंग व बैटरी स्टोरेज के क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदेश में निवेश लाएं तथा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के माध्यम से प्रदेश को नई औद्योगिक ऊंचाईयों तक पहुंचाए जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ बने। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश कुमार यादव, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव मौजूद रहे एवं वीसी के माध्यम से बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक सहित प्रमुख विभागों के शासन सचिव भी जुड़े।

### नवीन नीतियों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था बनेगी मजबूत

शर्मा ने कहा कि 9-11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट को महत्वपूर्ण विभागों की प्री समिट के आयोजन से मजबूती मिलेगी। उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देश दिया कि नवीन पर्यटन नीति के माध्यम से राजस्थान की पर्यटन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। इसके लिए नीति निर्माण में पर्यटन से संबंधित सभी पहलुओं और हितधारकों का पूर्ण ध्यान रखा जाए। उन्होंने एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने के लिए समुचित प्रयास करने के निर्देश दिए। राज्य में वाइल्डलाईफ, डेजर्ट और धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए उन्होंने विशेष कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया।

# महावीर इंटरनेशनल की गवर्निंग काउंसिल की बैठक संपन्न




**इंदौर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल की गवर्निंग काउंसिल की बैठक अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन की अध्यक्षता में इंदौर में संपन्न हुई। विशेष रूप से पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय सिंह बापना की गरिमामय उपस्थित रही। बैठक का संचालन अंतर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल द्वारा किया गया। एमआई के मीडिया एवं पब्लिसिटी के निदेशक एफ सी जैन एवं सह निदेशक दिनेश जैन ने बताया कि पिछली बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष में अब तक किए गए कार्यों की प्रगति का प्रस्तुतीकरण, संस्था की ऑडिटेड अकाउंट का अनुमोदन, अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी की जानकारी एवं चर्चा, अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित करने हेतु अवार्ड कमेटी का गठन, सलाहकार परिषद के गठन का अनुमोदन किया गया। अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन द्वारा वित्तीय वर्ष




2023-24 की बैलेंस शीट प्रस्तुत कर अनुमोदन कराया गया। महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र को उनके सेवा कार्यों के रजत जयंती पूर्ण करने पर केंद्र के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डायरेक्टर, सह निदेशक, जॉन अध्यक्ष, जॉन सेक्रेटरी, रीजनल सेक्रेटरी सहित गवर्निंग काउंसिल मेंबर सहित 60 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र के द्वारा की गई सुंदर व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया गया।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत समाज बंधुओं की गोठ आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अग्रवाल समाज सेवा समिति प्रताप नगर द्वारा रविवार को अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत समाज बंधुओ की गोठ आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी एवम उद्योग पति राजू मंगोडी वाले विशिष्ठ अतिथि मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल थे। समिति अध्यक्ष लोकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 2000 अग्र बंदुओ ने भाग लिया। समिति महासचिव भगवान सहाय सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चो की विभिन कार्यक्रम आयोजित किया गया जो कि पूरे हर्षोल्लास ओर भव्य रूप में संपन्न हुआ । जिसमें भारी संख्या में अग्रबंधुओ एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। समिति प्रचार सचिव हर्षित गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में अग्रबंदुओ की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

# यज्ञ से शक्ति एवं विवेक की प्राप्ति : संतोष महाराज




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जंगलेश्वर महादेव मंदिर में कान्तिचंद्र रोड स्थित कथा स्थल शान्ति जीवन में ओमकार सेवा संस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट श्री डूंगरपुर के तत्वावधान में आयोजित एक वर्षीय शिव शक्ति महायज्ञ में रविवार को अखिलेश विजय लक्ष्मी शर्मा एवं धीरज किशोर दीप्ती शर्मा के साथ ही इनके अन्य परिजन यज्ञ के यजमान रहे। यज्ञ संचालक संतोष सागर महाराज ने बताया कि लोक कल्याण एवं युवाओं में आध्यात्मिक ऊर्जा भरने के लिए यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ से वातावरण और पर्यावरण दोनों शुद्ध होते हैं। पर्यावरण बाहरी होता है अर्थात बाहर का शुद्धि करण। वातावरण शुद्धि का तात्पर्य अंतःकरण की शुद्धि। यज्ञ ज्ञान भी है, विज्ञान भी है। यज्ञ बहादुरी भी देता है, यज्ञ विनय भी देता है। यज्ञ से शक्ति एवं बुद्धि प्राप्त होती है। उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर से कलश यात्रा के साथ ही यज्ञ का शुभारम्भ हुआ था। शुक्रवार से दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी इसी कड़ी के अन्तर्गत किया जा रहा है। यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि यज्ञ में प्रतिदिन नए यजमान बैठते हैं।

# माँ देवी पद्मावती की गोद भराई विधि विधान के साथ संपन्न

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

तिजारा । स्थानीय श्री पार्श्व पद्मावती दिव्य धाम तिजारा में क्वार मास की नवरात्रि के चतुर्थ दिवस प्रातः विधि-विधान के साथ भगवान का अभिषेक, जाप व पूजन पाठ किया गया। मंदिर के संचालक परमपूज्य स्वस्ति श्री सौरभ सेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी जी ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माँ देवी पद्मावती की गोद भराई विधि विधान के साथ अनेकों प्रकार के पुष्पों से माता पद्मावती का श्रृंगार किया गया व जाप अनुष्ठान किया गया इस अवसर पर बाहर से आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया सांयकाल भक्ति संध्या के साथ भगवान पार्श्वनाथ व देवी पद्मावती की आरती की गई।



# महल योजना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भक्तांमर अनुष्ठान संपन्न हुआ





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महल योजना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भक्तामर अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंदिर समिति समन्वयक अभिषेक सांघी ने कहा कि रिद्धि मंत्रोच्चारण के साथ मंडल पर भक्तों ने श्रद्धा से दीप प्रज्जवलित किए। निर्मला संघी के निर्देशन तथा भागचंद कनक नमन सांखुनिया द्वारा आयोजित अनुष्ठान में जैन धर्मावलंबियों ने उपस्थित होकर पुण्यार्जन किया। कार्यक्रम में कैलाश चंद, तरुण शिल्पा, दीपक, निमित, विमल, मुकेश, शिव कुमार, पिंकल,अरुण, प्रभा, अनिल, सुनीता, मैना, नवीन रितु, मोना रवि, धीरेंद्र, ऋषभ, आदि उपस्थित रहे।

# सृजन संस्था भीलवाड़ा द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर दो दिवसीय सृजन बिज का समापन

### महिला सशक्तिकरण पर सृजन संस्थान की अनूठी पहल: नमित मेहता



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। महिला सशक्तिकरण को लेकर सृजन संस्थान द्वारा दो दिवसीय सृजन बिज कार्यक्रम का रंगारंग गरबा के साथ समापन किया गया। सृजन संस्थान की अध्यक्ष ममता मोदानी ने बताया कि देशभर से एग्जीबिशन में लगभग 60 से अधिक स्टॉलें एवं प्रदर्शनी लगी है।समाजसेवी रामपाल सोनी ने महिलाओं के सशक्त करने की इस अनूठी पहल पर सृजन संस्थान को बधाई दी।दूसरे दिन जिला कलेक्टर नामित मेहता ने सृजन प्रदर्शनी का जायजा लिया तथा देशभर से महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर नामित मेहता ने सभी महिलाओं को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। सृजन संस्थान की साक्षी मोदानी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी के साथ साथ छात्र छात्राओं ,युवाओं के लिए कौशल कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमे अलग अलग विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र लिया गया तथा पैनल डिस्कशन किया गया।

# उत्पादन पावर इंजीनियर एसोसिएशन की प्रादेशिक कार्यकारिणी घोषित

### हिमांशु जोशी को प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी कुमार को महासचिव बनाया




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में उत्पादन निगम की पावर इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की प्रादेशिक कार्यकारिणी घोषित की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त नागर ने बताया कि उत्पादन निगम के सभी प्लांटों के कनिष्ठ अभियन्ता कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में एकत्रित हुए और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी घोषित करके सभी पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी में हिमांशु जोशी को प्रदेश अध्यक्ष, अश्विनी कुमार को महासचिव, हेमंत नागर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनीश मीणा एवं चेतराम मीणा को उपाध्यक्ष, नवीन शर्मा एवं रवि गुप्ता को कोषाध्यक्ष, पंकज नागर, मोहित शर्मा एवं मितेश मिश्रा को संगठन सचिव, महेंद्र, विकास बिश्नोई एवं ओमप्रकाश को प्रचार सचिव, शैलजा वर्मा को महिला सचिव, योगेश को कार्यालय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।

# जेएसजी महानगर द्वारा किया गोसेवा कार्यक्रम

### दुर्गापुरा गौशाला में आयोजित किया गया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप महानगर द्वारा, सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 40 वा गोसेवा कार्यक्रम दिनांक 6 अक्टूबर 2024 को प्रातः 8.30 बजे, दुर्गापुरा गौशाला में आयोजित किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में गायों को हरा चारा, तरबूज, गुड़, रोटी एवं लडडू खिलाया गया। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा ने आज के पुण्यार्जक परिवार संत कुमार जैन, एडवोकेट - मंजुला जैन, वरिष्ठ सदस्य, महानगर ग्रुप एवं उपस्थित परिवार का माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। आज के इस गोसेवा कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सी एस जैन, रवि प्रकाश जैन, विरेंद्र जैन (गदिया), राजीव जैन, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति अमिता जैन, विनीत जैन एवं महानगर ग्रुप सदस्य कमलेश जैन, अमित जैन, अनुज जैन, विनोद - रंजुला जैन, महावीर जैन आदि उपस्थित रहे। रवि प्रकाश जैन सयोजक, सामाजिक सहायता कार्यक्रम ने बताया कि जैन सौशल ग्रुप ग्लोरी के अध्यक्ष पियुष सोनी ने भी इस सेवा कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

## वेद ज्ञान

### प्रसन्न रहने के लिए अपनी रुचि के कार्य अवश्य करें

जीवन में वास्तविक प्रसन्नता के लिए हमारी रुचि के कार्यों का होना बहुत आवश्यक है। जब हम लगातार अपनी इच्छा अथवा रुचि के विरुद्ध कार्य करने को विवश होते हैं तो हमारे अंदर निराशा, जड़ता, उदासीनता, नीरसता व तनाव आदि के भाव व्याप्त हो जाते हैं, जो प्रसन्नता ही नहीं स्वास्थ्य के भी शत्रु हैं। अपने स्वास्थ्य को बचाए रखने व अपनी प्रसन्नता को बनाए रखने के लिए अपनी रुचि के कार्य अवश्य करें। लेकिन जीवन में कई बार अपनी रुचि के कार्य करने का न तो अवसर ही मिलता है और न कोई विकल्प ही होता है। ऐसे में जरूरी है कि हम जो कार्य कर रहे हैं उसके प्रति नकारात्मक भाव न रखकर उसमें अपनी रुचि उत्पन्न करने का प्रयास करें। उसके प्रति अपनी मानसिकता बदलें। उसमें प्रसन्नता के बिंदु खोजें। कोई भी कार्य कितना भी अरुचिकर अथवा नीरस क्यों न हो उसमें भी कुछ रोचकता खोजी जा सकती है। उसे कुछ अलग या नए तरीके से किया जा सकता है। दुनिया में जो विजेता होते हैं वे भी कुछ सर्वथा नया कार्य नहीं करते, अपितु कार्यों को नए ढंग से करके सफलता प्राप्त करते हैं। जब हम किसी नीरस कार्य को भी ध्यान लगा कर पूरे मन से करते हैं तो उसमें हमारी रुचि उत्पन्न होने लगती है। उस कार्य को करना अच्छा लगने लगता है। और जब कार्य रुचिकर हो जाएगा तो उसे करने में हमें आसानी भी होगी और हमारी प्रसन्नता के स्तर में वृद्धि भी। एक बात और भी है और वह यह है कि जब तक हम अपने अनिवार्य कार्यों को चाहे वे कितने भी अरुचिकर क्यों न हों, नहीं निपटा लेते हम समय होने पर भी अपनी पसंद के कार्य करने के लिए तत्पर नहीं हो पाते और वे कार्य मन पर बोझ बने रहते हैं। एक ओर अपने जरूरी कार्यों को न निपटा पाने का बोझ और दूसरी ओर अपने पसंदीदा कार्यों को न कर पाने का मलाल। ऐसे में प्रसन्नता हमसे और अधिक दूर हो जाती है। अरुचिकर अथवा नीरस कार्य को पूरा कर लेने के बाद वैसे भी अतिरिक्त प्रसन्नता की अनुभूति होना स्वाभाविक है। अतः जीवन में भरपूर प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए अरुचिकर कार्यों की उपेक्षा करके उनका ढेर लगाने के बजाय उन्हें समय पर पूरा करके अतिरिक्त प्रसन्नता प्राप्त करें। इसी से अपने मनपसंद कार्यों को करने का पर्याप्त समय भी मिल पाएगा और अधिकाधिक प्रसन्नता भी।

## संपादकीय

# अलगाववादियों को मारा वोट का तमाचा



जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में भी जिस तरह लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया, उससे यह साफ जाहिर है कि राज्य में लोकतंत्र की नई हवा बहने की उम्मीद मजबूत हुई है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण के चुनाव में 69.65 फीसद मतदान हुआ। तीन चरणों में हुए चुनाव में भारी संख्या में लोगों ने अपने विवेक से मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र में भरोसा तो जताया ही, साथ ही




उन्होंने अलगाववादी ताकतों और उन्हें पनाह देने वाले देशों को भी आईना दिखा दिया। यह भी संयोग है कि इस बार राज्य में कहीं पुनर्मतदान की नौबत नहीं आई। न कहीं कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी और न ही आतंकी हिंसा की कोई बड़ी खबर आई। वहीं तमाम अंतर्विरोधों के बीच सभी राजनीतिक दलों ने भी संयम का परिचय देते हुए देते हुए रैलियां और सभाएं कीं। इस तरह जम्मू-कश्मीर के नागरिकों ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया कि यहां लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने भी यह कहा कि इस चुनाव ने लोकतंत्र की गहराई को चिह्नित किया है और यह आने वाले वर्षों में क्षेत्र की लोकतांत्रिक भावना को प्रेरित करता रहेगा। सच यह है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने चुनावी बहिष्कार के किसी भी झांसे में आने के बजाय लोकतंत्र में आस्था जताई। यह कम बड़ी बात नहीं कि उन निर्वाचन क्षेत्रों में भी जम कर मतदान हुआ, जहां अलगाववादी समूह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ठेस पहुंचाने के लिए चुनावी बहिष्कार का एलान कर दिया करते थे। इसके उलट चुनाव में ऐसे समूहों की भागीदारी और सक्रियता देखी गई, जो एक समय वहां के लोगों से चुनाव से दूर रहने का आह्वान करते थे या उन्हें धमकाते थे। इसे एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है कि चुनाव में भागीदारी करके अलगाववाद की राजनीति करने वाले समूहों ने मुख्यधारा की राजनीति और देश के संविधान में विश्वास जाहिर किया। एक खास बात यह भी दिखी कि जहां महिला मतदाताओं की संख्या में सत्ताईस फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई, वहीं 2014 के बाद महिला उम्मीदवार भी अधिक संख्या में चुनाव मैदान में उतरीं। बहरहाल, नतीजों की तस्वीर चाहे जो बने, जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने लोकतंत्र के पक्ष में फैसला सुना दिया है।

## परिदृश्य

# दावों पर सवाल

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अपने कामयाब शासनकाल के प्रचार में सबसे ज्यादा जोर इस पर दिया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान राज्य में अपराध पर काबू पाने के लिए जो अभियान चलाए गए, उससे वहां आपराधिक मानसिकता वाले खौफ से भरे हुए हैं और अपराध रुक गए हैं। मगर हकीकत यह है कि कुछ प्रचारित मामलों को छोड़ दिया जाए तो राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया लगता है। वे अब सामूहिक कत्लेआम करने से भी बाज नहीं आ रहे। अमेठी जिले में एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो बच्चों की हत्या से जाहिर है कि राज्य में संगठित अपराधी हों या आपराधिक मानसिकता वाले लोग, उनके भीतर पुलिस या कानून का कोई खौफ नहीं है। खबर के मुताबिक, हत्या के आरोपी ने रायबरेली से अपनी मोटरसाइकिल से अमेठी पहुंच कर इस हत्याकांड को अंजाम दिया, जिसमें उसने न केवल दंपति, बल्कि उनके दो छोटे बच्चों को भी लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मार दी और फरार हो गया। हालांकि इस मामले में एक से अधिक अपराधियों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, मगर अपराधियों और अपराध का खात्मा करने के सरकारी दावे के बरक्स यह हत्याकांड क्या दर्शाता है? सवाल है कि सरकार और पुलिस अब जिस सख्ती का दावा कर रही हैं, उसमें ऐसी निरंतरता क्यों नहीं होती, जिससे अपराधियों के भीतर कानून का खौफ पैदा हो! गौरतलब है कि करीब डेढ़ महीने पहले महिला ने छेड़छाड़, विरोध करने पर पति से मारपीट, जान से मारने की धमकी और जातिसूचक टिप्पणियां करने को लेकर एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस हत्याकांड में मुख्य रूप से उसी व्यक्ति के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। अब स्वाभाविक ही ये सवाल उठ रहे हैं कि उसके खिलाफ दर्ज मामले में समय रहते ठोस



कार्रवाई की गई होती तो क्या चार लोगों की जान बचाई जा सकती थी? किसी अपराध के आरोपी को मुठभेड़ में मारे जाने की सुर्खियां इस हकीकत का जवाब नहीं हो सकतीं कि राज्य में आए दिन होने वाली आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधी बेखौफ दिखने लगे हैं।

# मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा पर विश्व जैन संगठन ने आभार व्यक्त किया

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में मंत्रि-मडल की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया है। देश में अपने प्रकार का यह पहला कार्य है। जैन समाज के प्रतिभाशाली बच्चे एवं युवाओं को शिक्षा, जैन संस्कृति सामाजिक सरोकार जैसे जैन-मुनियों के विहार प्रवास एवं चातुर्मास के दौरान सुरक्षा एवं बेहतर शिक्षा एवं स्थिति में सुधार आदि के संबंध में शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन जैन समाज के विशेष संदर्भ में प्रभावी तरीके से करने के लिए मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया विश्व जैन संगठन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि बोर्ड में 1 अध्यक्ष एवं 2 सदस्य होंगे। बोर्ड के गठन से जैन समाज, वर्ग के व्यक्तियों के लिए शासन की कल्याणकारी जनहितकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। इससे जैन समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास को गति मिल सकेगी। बोर्ड में 2 वर्ष दिगम्बर जैन और 2 वर्ष श्वेतांबर समाज के कार्यकाल को निर्धारित किया जाएगा। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने भोपाल पर अपने निवास पर जैन समाज के महापर्व क्षमावाणी कार्यक्रम में जैन आयोग के गठन की घोषणा की थी इस घोषणा के बाद जैन समाज में हर्ष की लड़ दौड़ गई थी और मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा को शीघ्र मूर्त रूप देते हुए कैबिनेट की बैठक में इसको मंजूरी भी दे दी है। **इन्होंने माना आभार...** इंदौर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन विश्व जैन संगठन इंदौर के अध्यक्ष मंयक जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका हंसमुख गांधी टीके वेद डॉ अनुपम जैन अशोक खासगीवाला प्रदीप बडजात्या राजीव जैन बंटी एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन, पुष्पा जी कासलीवाल सहित समंग्र जैन समाज जन ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश के केबिनेट मंत्री चेतन कश्यप आदि का पुनः आभार व्यक्त किया है। समाज जन ने आशा व्यक्त की है कि अब जैन कल्याण बोर्ड के गठन के बाद जैन समाज के कल्याण हेतु भी सरकार पूरी तरह ध्यान देगी।



# नचिकेतन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन का सफलतापूर्ण समापन



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के बाईपास रोड स्थित नचिकेतन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय अभिभावक- अध्यापक सम्मेलन का आयोजन 04 अक्टूबर व 06 अक्टूबर को किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिवस में कक्षा नर्सरी से छठी व दूसरे दिन कक्षा सातवीं से बाहरवीं के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, शिक्षा व सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस चरण में अभिभावक उपस्थिति 90% रही। अभिभावकों के दिए गए सुझावों को पंजिका में दर्ज किया गया। इस अधिवेशन में आए हुए अभिभावक सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं से वार्तालाप करके गए। अधिवेशन के दौरान प्रत्येक अभिभावक की समस्याओं को सुना गया व उनका उचित समाधान किया गया। आयोजन के दौरान कक्षा दसवीं व बाहरवीं की बोर्ड परीक्षाओं व कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं के अगले सत्र में बोर्ड कक्षा होने के कारण अभिभावकों से विशेष बातचीत की और सीबीएसई दिशा निर्देश, विद्यार्थियों की सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई। अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन में विद्यालय प्रबंधन समिति व अध्यापकों के इलावा मंच संचालक पुनम दयाल व करणदीप कौर, विद्यालय प्रैस प्रवक्ता गुरसेवक सिंह व अन्य सहायक स्टाफ की अहम भुमिका रही। कार्यक्रम के सम्बोधन में प्रशासक अशोक कुमार मोहराना ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर उठाए गए अहम पहलुओं को अभिभावकों के समक्ष रखा और उनसे वचन लिया गया कि वे अपने बच्चे के उज्वल भविष्य के लिए विद्यालय को हर जरूरतों पर सहयोग करेगें व अपने बच्चों को रोजाना समय देगें तथा उनके प्रथम मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे। इस सम्मेलन में विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्रशासक अशोक कुमार महोराना, प्राचार्य सत्यनारायण पारीक, परमिन्द्र सिंह सिद्धु, कपिल सुथार एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# थर्मल कॉलोनी में तीन दिवसीय डांडिया गरबा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा । थर्मल कॉलोनी में तीन दिवसीय प्रथम डांडिया गरबा महोत्सव 2024 का शुभारम्भ शनिवार को थर्मल कालोनी में किया गया । मुख्य अतिथि के एल मीणा, मुख्य अभियन्ता कोटा थर्मल द्वारा मां दुर्गा भवानी की पूजा कर डाण्डिया के पहले दिन की शुरूआत की और डांडिया महोत्सव समिति का इस भव्य आयोजन के लिये सराहना की। कोटा थर्मल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सपरिवार डांडिया महोत्सव में भाग लिया और भक्ति में लीन होकर झूमते हुए गरबा खेलकर कार्यक्रम का आनन्द उठाया।



# श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन तेरापंथी नसिया में तीन लोक विधान की पूजा का समापन






## श्रद्धालुओं ने 2100 अर्ध्य चढ़ाए

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन तेरापंथी नसिया चतुर्भुज तालाब के पास पुरानी टोंक में रविवार को तीन लोक महामंडल विधान की पूजा का समापन हुआ। 15 दिन से चल रहे विधान के पुण्यार्जक श्रीमती कस्तूर देवी कमल कुमार विमल कुमार बिलासपुरिया परिवार रहे। नसिया समिति के अध्यक्ष देवराज काला, मंत्री चेतन बिलासपुरिया ने बताया कि विगत 15 दिन से तेरापंथी नसियां में तीन लोक मंडल विधान की पूजा चल रही थी जिसका समापन रविवार को हुआ । 15 दिनों से चल रही पूजा के तहत भगवान चंद्रप्रभु को श्रद्धालुओं के द्वारा 2100 अर्ध्य चढ़ाए गए। रविवार को पूजा समापन के अवसर पर प्रातः चंद्रप्रभु भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई उसके पश्चात नित्य नियम पूजा की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ श्रीफल एवं महाअर्ध्य चढ़ाया।इस अवसर पर निर्मल महावीर चंद्र प्रकाश शिखर कैलाश चंद प्रकाश चंद बल्लू निक्कू पारस मनीष राहुल अशोक राकेश पवन रतन देवी संजू तरुणा चमेली सुमन सरिता मधु रेणु संगीता बीना सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। पिल्लू जयपुरिया ने बताया कि विधान मंडल की पूजा के दौरान रविवार को श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा , अर्चना एवं भक्ति करके महाअर्ध्य चढ़ाया उक्त परंपरा विगत कई वर्षों से नसिया जी में अनवरत चली आ रही है। सायंकाल नसिया में भगवान चंद्रप्रभु के प्रतिरूप का वार्षिक कलशाभिषेक किया गया जिसके तहत सिंहासन पर विराजमान प्रतिरूप का जलाभिषेक किया गया । उपस्थित श्रद्धालुओं ने अभिषेक से प्राप्त गंदोधक को सिर पर लगाकर भगवान से आशीर्वाद लिया एवं चंद्रप्रभु भगवान के जयकारे लगाए। तेरस से अमावस्या तक बारह प्रहर तक घर का त्याग कर नसिया में रहकर उपवास तप त्याग तपस्या भक्ति करने वाले श्रावक श्रेष्ठी देवराज काला चेतन बिलासपुरिया खेमचंद बिलासपुरिया कमल कासलीवाल निर्मल जयपुरिया का माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

# संसार में सबसे बड़ा दुख का कारण परिग्रह : आर्यिका श्री पवित्रमति माताजी

**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**


नौगामा जिला बांसवाड़ा । परम पूज्य पवित्र मति माताजी ससंघ के चातुर्मास के रविवार्य प्रवचन माला के आज के दिन प्रातः सुखोदय तीर्थ नसिया जी 1008 भगवान महावीर समवशरण आदिनाथ मंदिर में विशेष शांति धारा अभिषेक के बाद जैन पाठशाला के छात्रों द्वारा पंडित रमेश चंद्र गांधी कुसुमलता नानावटी के सानिध्य में चातुर्मास पंडाल में सामूहिक रूप से पूजन की गई। पूजन के पश्चात सभी छात्रों को गांधी पंकज कुमार मोतीलाल की ओर




से पुरस्कार वितरण किए गए। माताजी का चातुर्मास पंडाल में आगमन हुआ बिंदिया पंचोरी द्वारा मंगलाचरण किया गया। मंगलाचरण के पश्चात बाहर से पधारे हुए अतिथियों का चातुर्मास समिति अध्यक्ष निलेश जैन ,उपाध्यक्ष राजेंद्र गांधी, नरेश जैन ,महेंद्र गांधी ,अंतिम बाला गांधी ,विमला पंचोरी ,भारती पंचोरी, मुकेश गांधी द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों का स्वागत पगड़ी पहनाकर दुपट्टा उड़ा कर माला पहनाकर किया गया। उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा माताजी को प्रवचन हेतु श्रीफल चढ़ाकर विनती की गई पवित्रमति माताजी करण मती माताजी गरिमा मति माताजी का मंगल प्रवचन हुआ माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि संसार में मनुष्य के दुखों का सबसे बड़ा कारण है परिग्रह इन दुखों को मिटाने के लिए हमें परीग्रह कम करना है एवं परिग्रह का परिमाण करना है साथ ही माताजी ने बताया कि आजकल मोबाइल का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है चाहे महिला हो पुरुषों छोटे बच्चे हो युवा हो दिन भर एक ही काम रहता है मोबाइल देखना और मोबाइल से कहीं दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं।

# महात्मा गांधी पर उत्कृष्ट लेखन के लिए अनिल माथुर सम्मानित

**जोधपुर. शाबाश इंडिया**




रत्नांचल जिला साहित्य समिति, गरियाबंद द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित गीत, कविता एवं सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता में जोधपुर निवासी अनिल माथुर को महात्मा गांधी पर लिखे गए उत्कृष्ट लेख के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। अनिल माथुर का यह लेख समाज में गांधीजी के आदर्शों और उनके संदेशों को व्यापक रूप से प्रसारित करने में सहायक सिद्ध हुआ है। इससे पूर्व अनिल माथुर को नेपाल के लुंबिनी में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ''हिन्दी काव्य रत्न सम्मान'' से भी नवाजा जा चुका है। उनके काव्य और लेखन के क्षेत्र में किए गए योगदानों को समाज में उच्च मान्यता प्राप्त हो रही है, और वह अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक जगत में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। इस सम्मान के बाद, जोधपुर का साहित्यिक समुदाय भी गर्वित महसूस कर रहा है और उनके लेखन कौशल की सराहना कर रहा है।



# श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर में छात्रों को भोजन कराया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आदिनाथ मित्र मंडल ने श्रीमती सरोज देवी जैन व अमिताभ जैन के जन्मदिन के पावन अवसर पर पांड्या परिवार चंदराना वालो के सहयोग से श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के छात्रों को रविवार, 6 अक्टूबर को प्रातः का भोजन करवाया।आदिनाथ मित्र मंडल के अध्यक्ष सुनील रेणु जैन ने बताया कि इस अवसर पर आदिनाथ मित्र मंडल के सदस्यो के साथ साथ पांड्या परिवार के सदस्यो ने भी उपस्थित होकर पुण्यार्जन किया।

## शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने पर यूरिन में क्या-क्या लक्षण दिखाई देते हैं?

### विटामिन बी12 की कमी से शरीर में कई बदलाव होते हैं, जिनमें से कुछ यूरिन में भी दिखाई देते हैं। यहाँ कुछ सामान्य लक्षण दिए गए हैं...

1. पीला या गहरा यूरिनः विटामिन बी12 की कमी से यूरिन का रंग पीला या गहरा हो सकता है।
2. यूरिन में रक्तः विटामिन बी12 की कमी से यूरिन में रक्त आना भी एक लक्षण हो सकता है।
3. यूरिन में प्रोटीनः विटामिन बी12 की कमी से यूरिन में प्रोटीन की मात्रा बढ़ सकती है।
4. यूरिन में क्रिएटिनिन बढ़नाः विटामिन बी12 की कमी से यूरिन में क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ सकती है, जो किडनी की समस्या का संकेत हो सकता है।
5. यूरिन में विटामिन बी12 की कमीः विटामिन बी12 की कमी से यूरिन में विटामिन बी12 की मात्रा कम हो सकती है।

हालांकि, ये लक्षण विटामिन बी12 की कमी के अलावा अन्य कारणों से भी हो सकते हैं।इसलिए, यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो डॉक्टर से परामर्श करना आवश्यक है।इसके अलावा, विटामिन बी12 की कमी के अन्य लक्षणों में शामिल हैं:

- थकान और कमजोरी
- सांस लेने में परेशानी
- दिल की धड़कन में बदलाव
- त्वचा का पीलापन
- मुंह में सूजन और दर्द
- भूख में कमी
- वजन में कमी
- पाचन संबंधी समस्याएं

यदि आपको लगता है कि आपको विटामिन बी12 की कमी है, तो डॉक्टर से परामर्श करें और विटामिन बी12 की जांच करवाएं।

**डा पीयूष त्रिवेदी**
**आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी राजस्थान विधान सभा जयपुर**

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर

HAPPY ANNIVERSARY

6 अक्टूबर'24

93148 73332



सुदेश-अलका गोदिका

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

संजय-सपना जैन छाबड़ा आवाः अध्यक्ष

सुनील-अनिता गंगवालः सचिव

प्रदीप-निशा जैनः संस्थापक अध्यक्ष

स्वाति-नरेंद्र जैनः ग्रीटिंग कमेटी चेयरमैन

# लायंस इंटरनेशनल ने आयोजित किया निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर





## जयपुर स्पार्कल क्लब ने किया सहयोग

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लायंस इंटरनेशनल क्लब के सेवा सप्ताह अनमोल खुशियां में प्रान्त 3233-ई-1 द्वारा जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों सहित पूरे प्रान्त में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर आयोजीत किये गए। उक्त जांच शिविर प्रातः काल भ्रमण पर आने वाले नागरिकों को इस जांच का लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न प्रमुख पार्को के बाहर लगाए गए, ताकि अधिक से अधिक नागरिकजन इसका लाभ प्राप्त कर सके। इसलिए ये शिविर प्रातः 6.30 बजे से 8.30 तक लगाया गया। प्रान्त 3233 -ई-1 के रीजन -7 के रीजन चेयरपर्सन लॉयन सुरेन्द्र सिंह हरसाना व जोन 1 व 2 की जोन चेयरपर्सन लॉयन महादेवी आर्य व साधना मदान के नेतृत्व में यह जांच शिविर जयपुर के नेहरू बालोद्यान टोंक रोड़ पर आयोजित किया गया। जिसमे जयपुर स्पार्कल की सदस्याओं ने अपनी सेवाएं देकर आयोजन को सफल बनाने का पूर्ण प्रयास किया। प्रातः 6.30 बजे से ही शिविर में जांच करवाने वालों की लंबी कतार लग गयी। लोगों में लायन वाद के प्रति विश्वास उनके उत्साह से स्वतः ही प्रकट हो रहा था।आज के इस विशाल आयोजन में लायंस के प्रमुख अधिकारीगणों द्वारा सभी शिविरों का निरीक्षण भी किया गया। नेहरू बालोद्यान पर भी प्रमुख अतिथिगण- पूर्व प्रान्तपाल, सहप्रांतपाल, सेवा सप्ताह कॉन्विनीयर लॉयन मदान सहित अन्य कई प्रमुख विभूतियों ने शिरकत की। शिविर में कुल 120 लोगों ने मधुमेह व रक्तचाप की जांच का लाभ प्राप्त किया। रीजन चेयरपर्सन लॉयन सुरेन्द्र सिंह हरसाना व जोन चेयरपर्सन लॉयन महादेवी आर्य द्वारा डॉक्टर व सहयोगी टीम का माला पहना कर व बुके से सम्मान किया। अंत मे लॉयन महादेवी आर्य द्वारा सभी का धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया।

# कर्मो का फल भव-भव तक मिलता है : मुनि श्री पावन सागर जी




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुनि श्री 108 पावन सागर जी ससंघ का रविवार , 6 अक्टूबर को सिविल लाईनस मुख्य मंत्री निवास से विहार होकर जनकपुरी- ज्योतिनगर मंदिर जी में मंगल प्रवेश हुआ । मुनि श्री का मंदिर जी में द्वार पर प्रबंध समिति द्वारा पाद प्रक्षालन व महिलाओं द्वारा मंगल आरती कर अगवानी की गई । मुनि श्री ने मैना सुंदरी के भाग्य व कर्म के बारे में समझाते हुए कहा कि कर्मों का फल भव भव तक मिलता है । प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मुनि संघ का सोमवार को प्रातः 8.30 बजे प्रवचन शाम को 6.30 बजे आरती , भक्ति व शंका समाधान का कार्यक्रम होगा । विहार में दुगार्पुरा समाज के जनकपुरी पधारे सदस्यों का समाज ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया ।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# 10 दिवसीय आराधना महोत्सव के चौथे दिन श्री शांतिनाथ महामंडल विधान की आराधना की गई



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरु मां 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी राजस्थान की पावन धरा पर चल रहे 10 दिवसीय आराधना महोत्सव के अंतर्गत प्रतिक जैन सेठी ने बताया कि आज चौथे दिन श्री शांतिनाथ महामंडल विधान की आराधना निर्विघ्न संपन्न हुई। विधान के पुण्यार्जक परिवार राजेंद्र बगड़ी निवाई सपरिवार ने प्राप्त किया। विधान के प्रारंभ में मंगल कलश एवं दीपक स्थापित किया गया। प्रभु भक्तों ने भक्ति भाव सहित गुणगान करते हुए मण्डल पर 120 अर्घ्य चढ़ाये। गुरु मां के मुखारविंद से बृहत शांतिधारा करने का सौभाग्य राजेंद्र लूनियावास वाले जयपुर, भुवनेश दी रोयल एवेन्यू कालोनी जयपुर एवं रवि जैन प्रताप नगर जयपुर सपरिवार ने प्राप्त किया। चातुर्मास संयोजक परिवार श्रीमती अर्चना मृपुल जैन जयपुर सपरिवार ने पूज्य आर्यिका संघ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त किया। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की इसी के साथ सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ ट्रस्ट के परम संरक्षक सुनील जी लोहा वाले जयपुर वालों ने जन्मदिन पर पूज्य गुरुमां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनेश झिलाई, बाबूलाल प्यावडी वालों ने श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शनों का लाभ प्राप्त हुआ। दूर दूर से यात्रिगण आकर भक्ति आराधना में सम्मिलित होकर उत्साहित हो रहे।

# जयपुर वासी बने राम के बाराती

## गुलाबी नगर में भगवान राम और उनके भाइयों की बारात निकली; सज-धज कर शामिल हुए श्रद्धालु



**जयपुर. कासं।** जयपुर की सांस्कृतिक पहचान रामलीला का भव्य आयोजन श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति द्वारा रामलीला मैदान में किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रवीण (बड़े भैया) बताया कि जयपुर में पहली बार श्री रामचंद्र भगवान एवं उनके भाइयों की बारात निकली। निकासी का यह कार्यक्रम जयपुर के प्राचीन राम मंदिर चांदपोल बाजार से प्रारंभ हुई जो चांदपोल, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार होती हुई रामलीला मैदान पर पहुंची। उपाध्यक्ष नवनीत मित्तल ने बताया की चतुर्थ दिवस पर राम की बारात में बाराती बनने के लिए जयपुर वासी भारतीय परिधानों में निकासी स्थल पर पहुंचे। बैंड बाजे एवं लवाजमें के साथ चारों भाई हाथी पर सवार होकर विवाह रचाने के लिए प्रस्थान किया। उनके साथ दशरथ, विश्वामित्र भी थे।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से






**कुलचाराम,हैदराबाद. शाबाश इंडिया।** कोई भी खाली नहीं इस दुनिया में, सब गले तक भरे बैठे हैं.. कोई प्रेम से भरा है......कोई घृणा से, वैमनस्यता से, कोई यादों के झरोखे से......तो कोई स्वयं के कारणों से..! ध्यान रखना --- घड़ी कोई भी ठीक कर सकता है, परन्तु स्वयं की घड़ी तो स्वयं को ही ठीक करनी होगी बाबू! हमारी घड़ी ठीक करने भगवान महावीर कभी नहीं आयेंगे। नया चिन्तन-सुबह का भूला, शाम को घर आ जाये -- ये है प्रतिक्रमण। थके हारे व्यक्ति को घने वृक्ष की छाव मिल जाये, ये है सामायिक। भूखे प्यासे व्यक्ति को, पेट भर भोजन मिल जाये --- ये है स्वाध्याय, प्रवचन और सत्संग। मन पवित्र है, सरल है, निर्मल है तो जीवन स्वर्ग है। और यदि मन अपवित्र है, विकार, वासना से भरा है तो जीवन नर्क है। क्योंकि जीवन एक मान सरोवर है जिसमें मन रूपी हंस क्रीड़ा कर रहे। कमल का कीचड़ में रहना और मनुष्य का संसार में रहना बुरा नहीं है, ना अशुभ है। बुरा और अशुभ तो तब है जब कीचड़ कमल पर आ जाये, और संसार मनुष्य के मन में बस जाये। इसलिए -- तूफान को शान्त करने की कोशिश की बजाय खुद के मन और इच्छाओं को शान्त कर लो, फिर देखो विचारों का तूफान अपने आप शान्त हो जायेगा!

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

# सृजन द स्पार्कः नितिन मुकेश नाइट में 6 को कला प्रेरक और 2 व्यवसायियों को मिला विशेष सम्मान



## सदाबहार गीतों की सुरीली महफिल में डूबे सुर रसिक

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

महान पार्श्वगायक मुकेश के पुत्र बॉलीवुड गायक नितिन मुकेश के गाए सुरीले गीतों की महफिल रविवार शाम शोभागपुरा सौ फीट रोड स्थित ओपेरा गार्डन में सजी। मौका था संगीत एवं कला के क्षेत्र में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संस्था ''सृजन द स्पार्क'' के उदयपुर चैप्टर द्वारा जिंक सिटी में आयोजित सुरमयी संगीत शाम का। कार्यक्रम की शुरूआत नितिन मुकेश ने हनुमान चालीसा से की। उसके बाद स्वर्गीय मुकेश के गाए सदाबहार गीत जीना यहां, मरना यहां.., सुहाना सफर और ये मौसम हसीं.., कहीं दूर जब दिन ढल जाए.., मैं पल दो पल का शायर हूं.. और जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगेड्ड गाकर सुर रसिकों की दाद पाई। इससे पूर्व स्थानीय हेमन्त मेनारिया, महेश आमेटा, दीपक दीक्षित व ब्रजेन्द्र सेठ की जोड़ी ने राजस्थानी लोक संगीत की प्रस्तुति से समां बांध दिया। इस दौरान राजस्थान की प्रसिद्ध गजल गायक जोड़ी पद्मश्री अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन सहित नितिन मुकेश को भी हिन्दुस्तान जिंक सृजन लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर संस्था के मुख्य संरक्षक आईपीएस (सेवानिवृत) प्रसन्न कुमार खमेसरा, हिज़िंलि के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर मनीष वासुदेव, आईजी राजेश मीणा, डीआईजी एन्टी करप्शन राजेन्द्र प्रसाद गोयल, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल सहित सृजन द स्पार्क के कई सदस्य उपस्थित रहे।

**गायक नितिन मुकेश सहित गजल गायक जोड़ी उस्ताद अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड**



संस्था के एपेक्स अध्यक्ष राजेश खमेसरा ने बताया कि कार्यक्रम में इन्स्पीरा एन्टरटेनमेन्ट इंडिया लिमिटेड चेयरमैन प्रकाश जैन को एक्सीलैंस अवार्ड और पी.जी.फॉइल लिमिटेड सीएमडी पंकज पी.शाह को अमिर खुसरो बिजनेस आइकोनिक अवार्ड सहित राजस्थानी लोक गायिका सीमा मिश्रा को खेमचंद प्रकाश विशेष कला प्रेरक सम्मान दिया गया। सृजन द स्पार्क संस्था अध्यक्ष दिनेश कटारिया ने बताया कि इस वर्ष के कला प्रेरक अवार्ड में सृजन वी डी पलूसकर अवार्ड टीवी एवं सिने कलाकार हेमन्त पाण्डे, ओंकारनाथ ठाकुर अवार्ड प्रतिभाशाली चित्रकार कमल शर्मा, नंदलाल बोस अवार्ड निमार्ता, लेखक एवं कलाकार काजल सूरी, मास्टर मदन अवार्ड टीवी एवं सिने कलाकार सैय्यद सलीम अफजल जैदी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, श्याम एस. सिंघवी, सचिव ब्रजेन्द्र सेठ, अब्बासअली बन्दूकवाला, भूपेन्द्र श्रीमाली, प्रकाश लोढ़ा, किशोर पाहुजा सहित अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

# जैन सोश्यल ग्रुप सीकर द्वारा निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**सीकर. शाबाश इंडिया**

अक्टूबर माह अर्थात कैंसर जागरूकता माह में जैन समाज की अग्रणी संस्था जैन सोश्यल ग्रुप सीकर द्वारा श्रीमती विष्णुकांता राठी मेमोरियल कैंसर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सीकर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को राठी हॉस्पिटल में किया गया। मीडिया प्रभारी विवेक पाटोदी ने बताया कि विशेषतः समाज की महिलाओं के लिए आयोजित इस शिविर में मुख्य तोर पर स्तन व बच्चेदानी के कैंसर की जांच हेतु मेमोग्राफी टेस्ट किया गया। शिविर के उद्घाटन समारोह में डा.अंकुश राठी ने बताया कि महिलाओं में मुख्य तौर पर ब्रेस्ट कैंसर एवं बच्चेदानी के कैंसर की संभावना अधिक रहती है जिसमें 50 से प्रतिशत मामलों में सही समय पर जांच करवाने से इस बीमारी के भयानक दुष्परिणामों से बचा जा सकता है। ग्रुप के अनुभव सेठी ने शिविर के प्रारंभ में बेहतरीन सेवाओं और समाज में अविस्मरणीय योगदान के लिए वरिष्ठ सर्जन डा. जी.एल.राठी का माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष सांवरमल पाटनी ने बताया कि शिविर में 40 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र की महिलाओं के साथ उन महिलाओं को




प्राथमिकता दी गई है, जिनके परिवार में कैंसर संबंधी कोई बीमारी पूर्व में रही हो। इस हेतु जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा महिलाओं का पूर्व रजिस्ट्रेशन किया गया है और उसके अनुसार ही अक्टूबर माह में दो चरण में स्वस्थ महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग हेतु मेमोग्राफी की निःशुल्क जांच की जाएगी। डा.जितेंद्र कचोलिया व डा.दिव्या कचोलिया ने बताया कि शिविर के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने के प्रयास के तहत कैंसर जैसी भयावह बीमारी उत्पन्न होने से पूर्व ही नष्ट हो सके इसके लिए यह शिविर कारगर साबित होगा। शिविर के दौरान महिलाओं की कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा मेमोग्राफी जांच की गई एवं उन्हें स्वस्थ रहने व ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के बारे में परामर्श दिए गए। सोश्यल ग्रुप के सचिव अनिल जैन व कोषाध्यक्ष सुनील पहाड़िया ने बताया कि दो चरणों में होने वाले इस शिविर में इस रविवार 20 महिलाओं का मेमोग्राफी टेस्ट किया गया एवं कैंसर संबंधी जांच कर उचित परामर्श दिया गया। मीडिया प्रभारी विवेक पाटोदी ने बताया कि इस शिविर में सीकर के जाने माने चिकित्सक सर्जन व विश्व ख्याति प्राप्त माननीय डा.जी.एल राठी ने अपने संबोधन के माध्यम से सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात डा.जितेंद्र कचोलिया, डा.दिव्या कचोलिया, डा.अंकुश राठी,डा.अनिता राठी द्वारा कैंसर जांच से जुड़ी भ्रम भ्रांतियों पर अपने विचार व्यक्त कर समाज में जागरूकता लाने हेतु जैन सोश्यल ग्रुप जैसी सामाजिक संस्थाओं को आगे आने हेतु धन्यवाद दिया। सोश्यल ग्रुप की नीतू पाटोदी द्वारा समस्त डॉक्टर्स एवं अस्पताल की टीम को सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। शिविर संयोजक संजय - जुली छाबड़ा व सचिन - रश्मि पहाड़िया ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप व राठी अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में इस रविवार के पश्चात इस माह के तीसरे रविवार को भी समाज की महिलाओं हेतु निःशुल्क मेमोग्राफी टेस्ट किए जाएंगे जिस हेतु रजिस्ट्रेशन पूर्ण किए जा चुके है।